राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

Letter No. CCE/ISDC/AAP/2020-21/281 Date: 03rd Feb. 2021

प्राचार्य

समस्त राजकीय महाविद्यालय,

राजस्थान।

## वार्षिक अंकेक्षण कार्यक्रम

## (Annual Auditing Programme - AAP)

**विषयः वार्षिक अंकेक्षण कार्यकम को पुनः आरम्भ करते हुए सत्र 2020–21 के लिये सूचना भरने एवं आयुक्तालय को प्रेषित करने बाबत।**

सन्दर्भ : पूर्व में आकाशि द्वारा जारी पत्र कमांक CCE/ISDC/AAP/2019/1668; दिनांक 24/12/2019 के कम में।

लेख है कि फरवरी 2019 में बिन्दु संख्या 32 की बजट घोषणा की कियान्विति विभाग द्वारा आरम्भ की जा चुकी थी, और 34 राजकीय महाविद्यालयों का विगत सत्र में वार्षिक अंकेक्षण कार्य पूर्ण भी किया जा चुका था। परन्तु कोविड–19 के कारण इस प्रकिया को सर्वहित में स्थगित कर दिया गया था।

वर्तमान सत्र 2020–21 में इस कार्यक्रम को पुनः आरम्भ किया जा रहा है। इस प्रयोजनार्थ निर्देशित किया जाता है कि –

1. **इस प्रकिया में सभी राजकीय महाविद्यालयों को भाग लेना अनिवार्य है।** अतः सभी राजकीय महाविद्यालयों को वार्षिक अंकेक्षण के संबंध में स्व–मूल्यांकन कर आयुक्तालय द्वारा प्रेषित Excel format में निर्दिष्ट सूचनाएं भरकर आयुक्तालय को प्रेषित करनी है।
2. आपको इस प्रयोजनार्थ सूचना प्रेषण हेतु एक Excel format का उपयोग करना है। **यह Excel format इस वेबसाइट पर Circulars में इस आदेश के नीचे ही अपलोड किया जा रहा है। साथ ही, यह Excel format आपके महाविद्यालय की Gmail पर भी भेज दिया गया है।**
3. **इस Excel format में आपके द्वारा सूचनाएं भरने पर कुछ मूल्य स्वतः परिकलित हो जायेंगे, अतः उन वर्गों में सूचनाएं स्वतः लॉक रहेगी।**
4. इस Excel format के संबंध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को विगत सत्र में राज्य स्तर से DRAC अध्यक्ष महाविद्यालयों को एवं अन्य महाविद्यालयों को जिला/महाविद्यालय स्तर से प्रशिक्षण दिया गया था। साथ ही, समस्त राजकीय महाविद्यालयों को अपने स्तर पर भी सभी संकाय सदस्यों को इस वार्षिक अंकेक्षण प्रकिया एवं Excel format के संबंध में प्रशिक्षण करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। तथापि, इस आदेश के जरिये सभी जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC) के अध्यक्ष प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने संबंधित जिले में इस बात की पुष्टि कर लें कि सभी राजकीय महाविद्यालयों को इस वार्षिक अंकेक्षण प्रकिया एवं Excel format को भरने के संबंध में जानकारी है। साथ ही, **दिनांक 8 फरवरी तक महाविद्यालय की सुविधानुसार कोई एक दिवस निर्धारित कर जिले के संभी राजकीय महाविद्यालयों को ऑनलाइन प्रशिक्षण करवाया जाना सुनिश्चित करें।**
5. वार्षिक अंकेक्षण प्रकिया के इस Excel format को भरकर इसे आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की ई–मेल **aap.cceraj@gmail.com** पर **दिनांक 15 फरवरी 2021 तक आवयश्क रुप से भिजवाया जाना है।**
6. इस भरे हुए Excel format का प्रिण्ट लेकर इसकी प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित प्रति आयुक्तालय के नवाचार प्रकोष्ठ को दिंनाक 18 फरवरी 2021 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
7. इस भरे हुए Excel format के साथ कोई भी दस्तावेज (Document) संलग्न नहीं करें।

8. महाविद्यालयों द्वारा प्रेषित सूचनाओं के उपरान्त आपके महाविद्यालय में निरीक्षण दल प्रेषित किये जायेंगे। निरीक्षण दल महाविद्यालयों द्वारा प्रेषित सूचनाओं का पूर्व की भांति सत्यापन करेंगे। अतः स्व–मूल्यांकन आधार पर वहीं सूचनायें भरी जायें जिनके यथोचित प्रमाण/दस्तावेज महाविद्यालय के पास उपलब्ध हैं। असत्य अथवा भ्रामक सूचनायें भरने पर संबंधित महाविद्यालय एवं संबंधित समिति सदस्य इसके लिये उत्तरदायी होंगे।
9. इस मूल्यांकन आधार पर संभी राजकीय महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय रेंकिंग तैयार की जायेगी। इसके अतिरिक्त इस आधार पर ही महाविद्यालयों के विकास की योजना निर्माण का कार्य किया जाना है। अतः महाविद्यालयों से वास्तविक सूचना प्रेषण वांछित है।
10. निरीक्षण दलों द्वारा महाविद्यालयों की इन सूचनाओं का भौतिक सत्यापन कार्य फरवरी 2021 के अन्तिम सप्ताह में ही आरम्भ करवाया जाना है। अतः समय सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्देशित सूचना प्रेषण का कार्य निर्दिष्ट तिथियों में ही सम्पन्न करें।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी/मार्गदर्शन हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. प्रदीप मोदी | राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर | 94133 07717 |
| 2. | डा. नरेन्द्र भोजक | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर | 94141 42979 |
| 3. | डा. शैलेन्द्र गहलोत | राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर | 98282 29912 |
| 4. | डा. अपूर्व माथुर | राजकीय महाविद्यालय, पाली | 92144 21883 |
| 5. | डा. नरेन्द्र गुप्ता | राजकीय महाविद्यालय, चित्तौडगढ | 93527 72029 |
| 6. | डा. दिलीप राठौड | राजकीय महाविद्यालय, बूंदी | 94139 54852 |

आयुक्तालय स्तर पर किसी सहायता हेतु आयुक्तालय में नवाचार एवं कौशल विकास के निम्न अधिकारियों से सम्पर्क करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. विनोद कुमार भारद्वाज | प्रभारी अधिकारी | 94143 04650 |
| 2. | डा. विश्राम मीणा | सह आचार्य | 99503 73686 |

सन्देश नायक, IAS
आयुक्त

पत्रांकः CCE/ISDC/FDP/Gyan Ganga/2020-21/282; दिनांक : 03rd Feb. 2021
सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
5. समस्त प्राचार्य/अध्यक्ष, DRAC, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान को निर्देशानुसार दिनांक 08 फरवरी तक जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों को वार्षिक अंकेक्षण प्रकिया एवं Excel format संबंधी ऑनलाइन प्रशिक्षण सम्पन्न करवाने हेतु।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान को निर्देशानुसार इस आदेश की कियान्विति सुनिश्चत करवाने हेतु।
7. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर को निर्देशानुसार आवंटित संबंधित महाविद्यालयों से सम्पर्क करके इस आदेश की कियान्विति सुनिश्चत करवाने हेतु।
8. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

03/2/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ